# कलेक्ट्रेट, नगर परिषद के अधिकारियों-कर्मचारियों ने सुशासन की शपथ ली

**कोटपूतली ।** प्रदेश में पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर गुरुवार को सुशासन दिवस मनाया गया। इस अवसर पर कलेक्ट्रेट कार्यालय, नगर परिषद एवं विभागों के

- **कोटपूतली में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती सुशासन दिवस के रुप में मनाई**

कार्यालयों में आयोजित कार्यक्रम में स्वर्गीय प्रधानमंत्री के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। जिला कलेक्टर प्रियंका गोस्वामी ने राज्य स्तरीय शपथ कार्यक्रम से वर्चुअल माध्यम से जुड़कर कलेक्ट्रेट कार्यालय में अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सुशासन, पारदर्शिता और जवाबदेही की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में अधिकारियों और कर्मचारियों ने सुशासन की शपथ ली।

कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों-कर्मचारियों ने संविधान के मूल्यों के अनुरूप ईमानदारी, निष्पक्षता और जनहित को सर्वोपरि रखते हुए कार्य करने का संकल्प लिया। शपथ के माध्यम से भ्रष्टाचार के विरुद्ध शून्य सहनशीलता अपनाने, समयबद्ध एवं प्रभावी प्रशासन सुनिश्चित करने तथा सरकारी योजनाओं और सेवाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने का संकल्प व्यक्त किया गया। इस अवसर पर जिला कलेक्टर प्रियंका गोस्वामी ने कहा कि सुशासन केवल एक अवधारणा नहीं, बल्कि शासन की वह कार्य संस्कृति है जिसमें पारदर्शिता, जवाबदेही और संवेदनशीलता के साथ आमजन तक योजनाओं को लाभ पहुंचाया जाता है। श्रद्धेय अटल जी का सुशासन मॉडल हम सभी के लिए पथप्रदर्शक है। वे एक कुशल राजनीतिज्ञ, प्रखर वक्ता और दूरदर्शी नेता थे, जिनके नेतृत्व ने देश में सुशासन की अनुकरणीय मिसाल प्रस्तुत की। अगर हम सभी इस कार्यशैली को पूरी तरह अपनाकर कार्य करें तो नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान निकल सकता है और आमजन तक सरकार की हर सुविधा और योजना की पहुंच सुनिश्चित हो सकती है। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर ओमप्रकाश सहारण, नूर मोहम्मद, अधीक्षण अभियंता विद्युत निगम मनोज गुप्ता, जिला शिक्षा अधिकारी प्रकाश चंद मीणा सहित जिला स्तरीय अधिकारी कलेक्ट्रेट में मौजूद रहे। इस दौरान नगर परिषद कार्यालय कोटपुतली में सफाई अभियान चलाकर स्वच्छता का संदेश भी दिया गया।



कोटपुतली में अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सुशासन, पारदर्शिता और जवाबदेही की शपथ दिलाई।


**MUNICIPAL CORPORATION JAIPUR**

(Pandit Deendayal Uppadhyay Bhawan Lalkothi Tonk Jaipur 302015)

No. F-6()DCR-FIRST (J.S)/RO.LIC/N.N.J/2025/755,756 Date : 24-12-2025

**PUBLIC NOTICE**

The licensee M/s/ Indus Tower Limited Jaipur (Particulars of Licensee) has submitted application in this office for granting permission for erection/ installation of telecom tower aboveground telegraph infrastructure on the land or building or location mentioned below :-

| Sr. No. | Site ID | Address |
|---|---|---|
| 1 | IN 3437664 | On Divider Near JP Under Railway Phatak, Ward No.142, Sahakar Marg, Lal Kothi, Jaipur |
| 2 | IN 3441595 | On Row Outside of Park Near Gopinath Hospital, Sector-8, Chetak Marg, Pratap Nagar, Ward No.103, Jaipur |

Therefore, it is hereby informed to all concerned that if, any body has any objection or suggestion on granting permission for installation or establishment of above mentioned telecom infrastructure on the land/location above, he may submit objection or suggestion along with supporting documents before the undersigned during office hours on any working day within 7 days of the publication of this notice.

In absence of any objection/ suggestion within above stipulated time it any be deemed that nobody has objection/suggestion and matter will be disposed off accordingly.

Deputy Commissioner (Revenue-I)
Municipal Corporation, Jaipur



**राजस्थान आवासन मण्डल, वृत-तृतीय**

जे.एल.एन. मार्ग, जवाहर सर्किल के पास, जयपुर- 0141-4901853

क्रमांक:- 4974 दिनांक: 16.12.2025

**आम जाहिर सूचना**

राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर द्वारा आवास संख्या-3/MA/447 इन्दिरा गांधी नगर, जगतपुरा, जयपुर, क्षेत्रफल 96.00 वर्गमीटर का आवंटन श्री भाग चन्द जैन पुत्र श्री प्रभु लाल जैन को किया गया था। जिसका आंवटन पत्र क्रमांक 2987 दिनांक 03.11.2008 जारी किया गया था। उनके द्वारा आवास के पंजीयन प्रपत्रो का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक जयपुर प्रथम में दिनांक 16.02.2009 को करवाया गया।

तत्पश्चात श्री भाग चन्द जैन पुत्र श्री प्रभु लाल जैन द्वारा उक्त आवास का बेचान जरिये विक्रय पत्र श्रीमती कमलेश पत्नी श्री सुरेश चन्द को कर, विक्रय पत्र, पत्र का निष्पादन कार्यालय उप-पंजीयक, जयपुर प्रथम में दिनांक 03.03.2021 को करवाया गया।

तत्पश्चात श्रीमती कमलेश पत्नी श्री सुरेश चन्द के द्वारा उक्त आवास का बेचान जरीये विक्रय पत्र के श्री गोपाल लाल मीना पुत्र श्री हरबक्श मीना को कर, विक्रय पत्र का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर द्वितीय में दिनांक 28.08.2025 को करवाया गया।

श्री गोपाल लाल मीना पुत्र श्री हरबक्श मीना के द्वारा उक्त आवास का मूल आवंटी के नाम पंजीयन हो जाने के बाद पश्चातवर्ती अंतिम क्रेता का नाम मण्डल अभिलेख में दर्ज करने बाबत निवेदन किया गया हैं। अतः नाम दर्ज के संबंध में किसी भी व्यक्ति/बैंक/ संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त आवेदनकर्ता श्री गोपाल लाल मीना पुत्र श्री हरबक्श मीना का नाम मण्डल रिकार्ड में दर्ज कर दिया जायेगा।

सम्पदा प्रबंधक
राजस्थान आवासन मण्डल वृत तृतीय, जयपुर।



**पावरग्रिड POWERGRID**

**सूचना**

1. सीईआरसी (व्यवसाय संचालन) विनियम'1999 और सीईआरसी (टैरिफ की शर्तें और नियम) विनियम' 2019 के नियम-86 के तहत "400केवी सबस्टेशन पीजी खटकर (जींद) और नग्गल (पंचकूला) सबस्टेशन पर 220केवी बे" के अंतर्गत याचिका-1 एसेट-1: खटकर (जींद) सबस्टेशन पर चार 220 केवी लाइन बे 220 केवी जींद एचवीपीएनएल से 400केवी पीजीसीआईएल खटकर (जींद) सबस्टेशन दोनों सर्किटों के एलआईएलओ और एसेट-2: नग्गल (पंचकूला) सबस्टेशन पर दो 220 केवी लाइन बे - 400केवी पीजीसीआईएल (पंचकूला) से प्रस्तावित 220केवी सबस्टेशन सढौरा तक के लिए i) टैरिफ ब्लॉक 2019-24 के पारेषण टैरिफ सही करने और ii) टैरिफ ब्लॉक 2024-29 के पारेषण टैरिफ के निर्धारण के लिए।
2. उपरोक्त ट्रांसमिशन सिस्टम के लाभार्थी हैं: (क) अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (ख) जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (ग) जोधपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (घ) पंजाब स्टेट इलेक्ट्रिसिटी कॉर्पोरेशन लिमिटेड (ड) हरियाणा पावर परचेज़ सेंटर (च) जम्मू एंड कश्मीर पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (झ) उत्तर प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (य) बीएसईएस यमुना पावर लिमिटेड (प) बीएसईएस राजधानी पावर लिमिटेड (फ) टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रिब्यूशन लिमिटेड (ब) चंडीगढ़ विद्युत विभाग (भ) उत्तरांचल पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (म) उत्तर मध्य रेलवे (त) नई दिल्ली म्युनिसिपल काउंसिल (थ) उत्तर प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कॉर्पोरेशन लिमिटेड (द) हरियाणा विद्युत प्रसारण निगम लिमिटेड
3. टैरिफ के विवरण:

a) 2019-24 ब्लॉक — रुपये लाख में

| परिसंपत्ति का विवरण | DOCO | पूरा करने की लागत 31.03.2024 की तिथि में | टैरिफ | 2019-20 | 2020-21 | 2021-22 | 2022-23 | 2023-24 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| परिसंपत्ति-1 | 02.12.2023 | 954.37 | एएफसी अनुमोदित | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 88.31 |
| | | | सही करने के आधार पर संशोधित एएफसी | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 86.34 |
| परिसंपत्ति-2 | 01.10.2023 | 581.48 | एएफसी अनुमोदित | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 75.96 |
| | | | सही करने के आधार पर संशोधित एएफसी | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 71.61 |

b) 2024-29 ब्लॉक — रुपये लाख में

| परिसंपत्ति का विवरण | पूरा करने की लागत 31.03.2029 की तिथि में | | 2024-25 | 2025-26 | 2026-27 | 2027-28 | 2028-29 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| परिसंपत्ति-1 | 1143.93 | AFC | 264.04 | 278.56 | 282.98 | 283.61 | 282.81 |
| परिसंपत्ति-2 | 830.66 | AFC | 141.69 | 161.60 | 179.21 | 178.06 | 177.05 |

4. इस सूचना और टैरिफ निर्धारण के लिए प्रस्तुत आवेदन की एक प्रति आवेदक की वेबसाइट www.powergrid.in पर उपलब्ध है।
5. यदि आवेदन में दिए गए टैरिफ निर्धारण के प्रस्तावों पर सुझाव और आपत्ति, यदि कोई हों, तो लाभार्थी सहित कोई भी व्यक्ति इस सूचना के प्रकाशन के 30 दिनों के अंदर सचिव, केंद्रीय विद्युत नियामक आयोग, 6ठी, 7वीं और 8वीं मंजिल, टावर बी, वर्ल्ड ट्रेड सेंटर, नौरोजी नगर, नई दिल्ली - 110029 (या आयोग कार्यालय के अन्य पते पर) में दर्ज कर सकते है। इसकी एक प्रति आवेदक को उसके कॉर्पोरेट कार्यालय के पते पर भेजनी होगी।

स्थान: गुरुग्राम
दिनांक 18.12.2025

हस्ता./-
महाप्रबंधक (वाणिज्यिक)

**पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड**
(भारत सरकार का उद्यम)
पंजीकृत कार्यालय: बी-9, कुतुब इंस्टीट्यूशनल एरिया, कटवारिया सराय, नई दिल्ली-110016
कॉर्पोरेट कार्यालय: "सौदामिनी", प्लाट नं.-2, सेक्टर-29, गुरुग्राम, हरियाणा-122001
वेबसाइट: www.powergrid.in, सीआईएन नंबर: L40101DL1989GOI038121

एक महारत्न पीएसयू

PG/CC/Notice-70/Ad-85/25-26/Dot Communications



**कार्यालय ग्राम पंचायत, हांसपुर**

पंचायत समिति, श्रीमाधोपुर, जिला-सीकर (राज.)

क्रमांक-2025/120 दिनांक-23/12/2025

**आ.भू.वि. (पट्टा) आवेदकों की सूची**

| क्र. सं. | आवेदक का नाम मय पिता/पति | जाति | ग्राम | चारों दिशाओं का विवरण: उत्तर | दक्षिण | पूर्व | पश्चिम | वि.वि. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | केदारमल योगी कानाराम | जोगी | हांसपुर | भगवती प्रसाद योगी का मकान | बुद्धी प्रकाश योगी का मकान | भगवती प्रसाद योगी का मकान | आम रास्ता | नियम 157 |
| 2 | बंसीलाल बलाई/ महालाराम बलाई | बलाई | हांसपुर | मूलचन्द बलाई का मकान | छीतर मल बलाई का मकान | आम रास्ता | श्रवण बलाई का मकान | नियम 157 |
| 3 | सुखवीर सिंह पुत्र बालूराम | बलाई | हांसपुर | साधूकाम का खाली बाडा | मंगली देवी का मकान | आम चौक व आम रास्ता | सीता राम नाई | नियम 167 |
| 4 | बलदेव सैनी पुत्र रामनारायण सैनी | माली | फिरासा वाली ढाणी | मदन लाल सैनी बाडा | बाबूलाल सैनी बाड़ा | राजेन्द्र सिंह का मकान | आम रास्ता | नियम 167 |

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत हांसपुर
पं.स.श्रीमाधोपुर (सीकर)

प्रशासक-विमला देवी शर्मा
ग्राम पंचायत हांसपुर
पं.स.श्रीमाधोपुर (सीकर)


# नेत्र जांच के लिए वाहन चालकों को जागरूक किया

- भाबरू थाना परिसर में सड़क सुरक्षा पखवाड़े के तहत नेत्र जांच शिविर आयोजित किया
- वाहन चालकों से नियमों में चलने की बात कही

**पावटा।** राज्य सरकार के दो वर्ष पूरे होने के अवसर पर और सडक दुर्घटनाओं की रोकथाम तथा सड़क सुरक्षा को सुदढ बनाने के उद्देश्य से बुधवार को पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र कुमार बिश्नोई जिला कोटपूतली बहरोड के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय कोटपूतली बहरोड नाजिम अली एवं उपाधीक्षक विराटनगर उमेश चंद निठारवाल के सुपरविजन में भाबरू थाना अधिकारी रामकिशोर द्वारा एनजीओ एक कदम गांव की ओर संयुक्त रूप से भाबरू थाना परिसर में विशेष सड़क सुरक्षा अभियान के तहत भाबरू थाना परिसर में सड़क सुरक्षा पखवाड़े के तहत नेत्र जांच शिविर आयोजित किया गया।

जिसमें बाल वाहिनियों एवं भारी वाहन चालकों के लिए नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बाल वाहिनियों व भारी वाहन चालकों, सहायक चालकों की नेत्र जांच की गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय कोटपूतली बहरोड नाजिम अली ने बताया कि बाल वाहिनियों व भारी वाहन चालकों, सहायक चालकों में नेत्र ज्योति से संबंधित दोष पाए गए, जो सड़क दुर्घटनाओं का प्रमुख कारण बनते हैं।

उन्होंने कहा कि वाहन चालकों की दृष्टि संबंधी समस्याएं न केवल उनकी स्वयं की सुरक्षा बल्कि यात्रियों के जीवन के लिए भी गंभीर खतरा उत्पन्न करती हैं। इस दौरान उन्होंने सभी वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करते हुए सुरक्षित वाहन संचालन की सलाह दी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि वाहन चालकों को समय-समय पर अपनी आंखों की जांच कराना अनिवार्य है, ताकि दुर्घटनाओं की संभावना को कम किया जा सके। भाबरू थाना अधिकारी रामकिशोर ने कहा कि इस तरह के आयोजन आमजन में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने और यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यह शिविर न केवल वाहन चालकों को नेत्र स्वास्थ्य के महत्व के प्रति सचेत करता है, बल्कि सड़क सुरक्षा सुधार और दुर्घटनाओं की रोकथाम में भी अहम योगदान देता है। वही अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय कोटपूतली बहरोड नाजिम अली ने आमजन एवं स्कूलों के विद्यार्थियों को यातायात नियमों के संबंध में जानकारी दी साथ ही भामाशाहों के सहयोग से मोटरसाइकिल चालकों को हेलमेट वितरित किए गए तथा पुलिस नवाचार के रूप में स्कूलों से पधारे हुए बच्चों को थाने की सभी कार्य प्रणालियों के संबंध में जानकारी दी गई। बुजुर्गों को भामाशाहों के सहयोग से हेलमेट तथा कंबल का वितरण करवाया गया।

# जवाबदेह, कुशल और प्रभावी शासन की नींव है सुशासन : चौधरी

**टोंक।** पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी का जन्म दिवस गुरुवार को सुशासन दिवस के रुप में मनाया गया। इस दौरान जनप्रतिनिधियों, जिलेभर के कार्यालयों में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने पूर्व प्रधानमंत्री को पुष्पांजलि अर्पित करते हुए सुशासन की शपथ ली। मुख्यालय पर जिला स्तरीय कार्यक्रम जिला परिषद सभागार में हुआ, जहां जयपुर में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के मुख्य आतिथ्य में आयोजित कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया। मुख्यमंत्री ने वर्चुअली सभी जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं कार्मिकों को सुशासन की शपथ दिलाई। इस दौरान जिला स्तरीय कार्यक्रम में मौजूद जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कन्हैया लाल चौधरी ने कहा कि सुशासन जवाबदेह, कुशल और प्रभावी शासन की नींव रखता है। इसमें संसाधनो का उचित प्रबंधन होता है तथा कानून का शासन कायम रहता है, इस तरह के शासन में जनता का विश्वास बढ़ता है और देश प्रगति करता है।


**आम-सूचना** "शांति देवी पत्नी श्री नानूराम ने मेरी अभिभाष्या फर्म बुनियादी विकास गृह निर्माण सहकारी समिति लि0, जयपुर की योजना विकास नगर, न्यू सांगानेर रोड, जयपुर के भूखण्ड सं. 67 के मूल दस्तावेज गुम हो गये है जिस बाबत गुमशुदगी रपट सं. 78780462400677 दिनांकित 31.05.2024 को पुलिस थाना श्याम नगर मे दर्ज करवाई है तथा उक्त रिपोर्ट की प्रतिलिपि व बन्ध पत्र, शपथ पत्र समिति कार्यालय मे प्रस्तुत किये तथा डुप्लीकेट पट्टा जारी करने बाबत समिति से कहा गया। यदि उक्त भूखण्ड का डुप्लीकेट पट्टा, रसीद व साईड प्लान जारी करने के सम्बन्ध मे किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था, समिति या संगठन को कोई आपत्ति हो तो वो समिति कार्यालय मे या मेरे कार्यालय मे उक्त सूचना के प्रकाशन से 15 दिवस की अवधि मे मय सबूत उज्र पेश करे अन्यथा समिति द्वारा शांति देवी के नाम डुप्लीकेट दस्तावेज जारी कर दिये जायेगे, बाद मियाद गुजरने के कोई उज्र मान्य नही होगा।
(हेमन्त कुमार पलोड़) एडवोकेट, मोबाईल नं. 9314511091

**आम-सूचना** सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि भूमि खसरा नम्बर 227 रकबा 0.33 हैक्टेयर एवं खसरा नम्बर 228 एवं रकबा 0.25 हैक्टेयर स्थित ग्राम उदयपुर गिलारिया तहसील सांगानेर जिला जयपुर का एक मात्र मालिक एवं काबिज मोहम्मद रफी पुत्र स्व. मोहम्मद रजा है। उसने ही दोनो खसरो की जमीन निजी उपार्जित धन से खरीदी है। खसरा नम्बर 227 व 228 पर वास्तविक कब्जा भी मोहम्मद रफी का ही है। मोहम्मद रफी ने ही दोनो खसरो पर संयुक्त रूप से चारो तरफ बाउण्डरीवाल का निर्माण करवा रखा है। दोनो खसरो की भूमि के मध्य ग्राउण्ड फ्लोर पर चार कमरे एक रसोई, एक हॉल, एक गैरेज एवं फर्स्ट फ्लोर पर भी चार कमरे, एक रसोई, एक हॉल तथा बालकनी का निर्माण करवा रखा है। फर्स्ट फ्लोर की छत पर लेट्रीन बाथरूम बना है। पूर्व मुखी के दरवाजे के पास लेट्रीन बाथरूम, वाचमैन का कमरा बनवा रखा है। पानी का कुआँ, बोरिंग एवं होद भी बनवा रखा है। खसरा नम्बर 227 व 228 का मूल विक्रय पत्र पर भी मोहम्मद रफी के पास है। खसरा नम्बर 227 व 228 की सम्पूर्ण भूमि मोहम्मद रफी के ही वास्तविक कब्जे मे है। बिजली का कनेक्शन भी लगा है। कोई भी संस्था या कम्पनी खसरा नम्बर 227 व 228 की भूमि किसी अन्य व्यक्ति से नही खरीदे, ना ही खरीद का कोई इकरार करे। अन्यथा स्वयं जिम्मेदार होगा।
जयपुर
दिनांक
(मकबूल हुसैन) एडवोकेट
मो. नं:-9828071475

I have changed my name from Manjeetkaur Gurucharansingh to Tuteja Manjeetkaur Gurucharan singh for all future purposes. Tuteja Manjeetkaur Gurucharansingh W/o Mr. Gurucharan Singh R/o Flat no. 603, Capital Tower, E-block, Hiran Magri, Sector-14, Udaipur- 313002.

I Shiv Singh S/o Inder Singh residing at Kalyanpura, Arain, Ajmer, Rajasthan-305813. Do hereby solemnly affirm that I have changed my name from Purohit Shyoji Sinhraj to Shiv Singh. In future I will be known by my changed name.

**खोया पाया**

मेरा एच.डी.एफ.सी. बैंक लिमिटेड का ID कार्ड नंबर-250314793600697 मालवीय नगर में कहीं गिर गया है। मिलने पर कृपया सूचित करें। कान सिंह- 9257363980

मेरे मकान नं.64/247, प्रताप नगर सांगानेर जयपुर का ओरिजनल अलॉटमेंट लेटर नं. 981 जारी दिनांक 14.06.96 मेरे घर से कुम्भा मार्ग प्रताप नगर जयपुर फोटो कोपी करवाने जाते समय रास्ते में कहीं गिर गया जो की बहुत तलाशने पर भी नहीं मिला है। मो.9660261176

**नम्बर मिलाइए 9587884433**



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।


# मंत्री भूपेंद्र यादव के मुख्य आतिथ्य में सांसद खेल महोत्सव सम्पन्न

- 2025 का समापन समारोह बहरोड के आरपीएस विद्यालय में हुआ संपन्न
- भाजपा सरकार क्षेत्र के खिलाड़ियों को मंच प्रदान कर उनकी प्रतिभा को निखारने, सुविधा और संशाधन देने के लिए संकल्पबद्ध :भूपेंद्र यादव

**कोटपूतली- बहरोड़।** केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री एवं अलवर सांसद भूपेंद्र यादव के मुख्य आतिथ्य में सांसद खेल महोत्सव-2025 का समापन समारोह गुरुवार को आरपीएस विद्यालय बहरोड में संपन्न हुआ। इस दौरान सिंह ने सुशासन दिवस के अवसर पर माननीय पूर्व प्रधानमत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी को पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी एवं उनका स्मरण किया। साथ ही प्रधानंत्री नरेंद्र मोदी के संदेश का लाइव प्रसारण देखा। इस दौरान वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा, बहरोड़ विधायक डॉ. जसवंत यादव, बानसूर विधायक देवीसिंह शेखावत, विधायक रामगढ़ सुखवंत सिंह सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं कॉमनवेल्थ गेम्स-2022 में फ्री स्टाइल रेसलिंग में कांस्य पदक विजेता पूजा सिहाग सहित खिलाड़ी, विद्यार्थी व आमजन मौजूद रहे। समारोह के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअल माध्यम से अपने संबोधन में कहा कि सांसद खेल महोत्सव के माध्यम से खिलाड़ियों के जोश, विश्वास, उत्साह में भारत के सामर्थ्य के दर्शन हो रहे हैं। सांसद खेल उत्सव का उद्देश्य शहर से लेकर ठामीण क्षेत्र तक प्रत्येक खिलाड़ी को बेहतर सुविधाएं और संशाधन मुहैया कराते हुए अपनी प्रतिभा को निखारने और आगे ले जाने के लिए एक मंच प्रदान करना है।



केंद्रीय मंत्री एवं अलवर सांसद भूपेंद्र यादव के मुख्य आतिथ्य में बहरोड़ में सांसद खेल महोत्सव का समापन हुआ।

उन्होंने कहा कि सांसद खेल उत्सव 290 सांसदों के सहयोग से लोकसभा क्षेत्रों में एक जनांदोलन बनकर उभरा है जिसमे लाखों खिलाड़ियों ने भाग लिया एवं करोड़ों लोगों ने रजिस्ट्रेशन करवा कर अपनी सहभागिता दिखायी। इस प्लेटफार्म ने कई कीर्तिमान रचे, युवाओं, महिलाओं के साथ दिव्यांगों को भी अवसर दिए, इसने समाज की सोच बदलने में अहम भूमिका निभाई है, युवाओं के सपने साकार हो रहे हैं, खेलों में पारदर्शिता आई है, करीब 3 हज़ार करोड़ के बजट से सुविधाओं का विस्तार हुआ जिससे विभिन्न स्तरों पर नयें रिकॉर्ड क़ायम हो रहे हैं। मोदी ने कहा कि पढ़ाई के साथ खेलों का समन्वय आवश्यक है, खेलेगा इंडिया तो बढ़ेगा इंडिया। इस दौरान माननीय प्रधानमंत्री ने वर्चुअल माध्यम से देश के कौने- कौने से खिलाड़ियों से संवाद किया और किस प्रकार सांसद खेल उत्सव ने उनकी प्रतिभा को निखारा है, पर चर्चा करते हुए कहा कि हार जीत से परे मन लगाकर खेलों में सहभागिता दिखाएं, सरकार हर कदम पर उनके साथ है। उन्होंने खिलाडियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि जीत-हार खेल के दो पहलू हैं। अच्छा खिलाडी वही है जो हारने बाद पूर्ण मनोयोग से जीत की तैयारी में जुट जाए। इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन फीट इंडिया की प्रेरणा से सांसद खेल महोत्सव और अलवर टाइगर मैराथन जैसे आयोजन कराए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी की सोच के अनुरूप युवाओं को खेल के मैदान से जोडकर देश के लिए मेडल लाने तक के सफल में सहयोग किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सांसद खेल महोत्सव में गत वर्ष लगभग 14 हजार बच्चों ने भाग लिया था। जिन बच्चों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, उनके लिए विशेष प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए गए। इस वर्ष यह संख्या बढ़कर लगभग 32 हजार तक पहुँच गई है। इस बार बॉक्सिंग, बैडमिंटन और योग जैसी नई विधाओं को भी इसमें शामिल किया है। हमारा उद्देश्य है कि यह आयोजन केवल बच्चों तक सीमित न रहे। हमारे विधायकों ने गांव-गांव में क्रिकेट, रस्साकशी, कबड्डी सहित अन्य कई खेल गतिविधियाँ आयोजित करवाई हैं। उन्होंने कहा की खेल उत्सव 2.0 में खिलाड़ियों ने कबड्डी, खो-खो, बॉक्सिंग, बेडमिंटन, लंबी कूद, शॉट पुट, वॉलीबॉल व बास्केटबॉल खेलों में खिलाड़ियों ने पूरे उत्साह के अपने खेल कौशल का प्रदर्शन किया।


**कार्यालय नगर निगम, भरतपुर**

क्रमांक/शहरी सेवा शिविर/न.नि.भ./2025-26/19629 दिनांक :-25/12/2025

**आपत्ति सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम भरतपुर शहरी क्षेत्र में निम्न आवेदकों द्वारा स्टेट ग्रान्ट एक्ट/नगरपालिका अधिनियम 2009 की धारा 69ए/कच्ची बस्ती का पट्टा चाहने हेतु ऑनलाइन आवेदन कर पत्रावलियाँ प्राप्त हुई हैं। यदि इस सम्बन्ध में किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशित होने की तिथि से 7 दिवस के अन्दर मय साक्ष्य प्रस्तुत करें। बाद अवधि के किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा तथा बाद समस्त जाँच के आवेदक को स्टेट ग्रान्ट एक्ट/नगरपालिका अधिनियम 2009 की धारा 69ए के तहत्/कच्ची बस्ती के तहत पट्टा जारी किये जाने की अग्रिम कार्यवाही कर दी जावेगी।

| क्र. स. | ऑनलाईन पत्रावली सं. | आवेदक का नाम | पति/पत्नि का नाम | वार्ड नं. | भूखण्ड जहां स्थित है | आवेदन का प्रकार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 323248 | मुकेश चंद | आनन्द स्वरूप | | वासन गेट भरतपुर | स्टेट ग्रान्ट |
| 2 | 323252 | घनश्याम दास | रामदास | 13 | विजय नगर बरसो का नगला भरतपुर | स्टेट ग्रान्ट |
| 3 | 266780 | राजेश कुमार | नेमीचन्द | | नमक कटरा, भरतपुर | स्टेट ग्रान्ट |
| 4 | 318613 | बरफी | भैरोंसिंह | 30 | मौहल्ला गोपालगढ भरतपुर | 69-ए |
| 5 | 322343 | शीला | मोहन सिंह | 18 | अनाह गेट काली मंदिर के पास भरतपुर | स्टेट ग्रान्ट |
| 6 | 322377 | बच्चू सिंह | रामफल सिंह | 6 | नगला गोपाल बछामदी भरतपुर | स्टेट ग्रान्ट |
| 7 | 322546 | बाबूलाल | रामस्वरूप | 59 | नई मण्डी सालिगराम मंदिर के पास भरतपुर | 69-ए |
| 8 | 322707 | बाबूलाल गुप्ता | गोपालराम गोयल | 23 | वाणिज्यिक-अनाह गेट अटलबन्द मण्डी रूपला पायसा भरतपुर | 69-ए |
| 9 | 323180 | मानिक चन्द | रामदास | 13 | विजय नगर बरसो का नगला, भरतपुर | स्टेट ग्रान्ट |
| 10 | 323224 | सरोज | घनश्याम दास | 14 | विजय नगर बरसो का नगला भरतपुर | स्टेट ग्रान्ट |
| 11 | 323248 | मुकेश चंद | आनन्द स्वरूप | 44 | वासन गेट भरतपुर | स्टेट ग्रान्ट |
| 12 | 323252 | घनश्याम दास | रामदास | 13 | विजय नगर बरसो का नगला भरतपुर | स्टेट ग्रान्ट |
| 13 | 309433 | उमाशंकर | मुरारी | 59 | नगला दिगम्बर डी ब्लॉक रणजीत नगर भरतपुर | 69-ए |
| 14 | 211356 | सत्यदेव वर्मा | जगन्नाथ प्रसाद | 39 | मण्डी अटलबन्द भरतपुर | 69-ए |
| 15 | 220616 | श्रीराम | रामप्रसाद | 9 | खादी वाली गली सेवर | स्टेट ग्रान्ट |
| 16 | 315599 | राहुल मीना | बनयसिंह मीना | 50 | पक्का बाग, भरतपुर | स्टेट ग्रान्ट |
| 17 | 315674 | गीता देवी मीना | विशम्बर सिंह मीना | 28 | नमक कटरा, भरतपुर | स्टेट ग्रान्ट |
| 18 | 326133 | भोगीलाल, इन्द्रालाल सैनी, काशीराम, रतनलाल | चिरंजीलाल | 26 | नमक कटरा चांदपोल गेट भरतपुर | स्टेट ग्रान्ट |
| 19 | 326563 | रनवीर सिंह | गोपाल सिंह | 33 | घेर नसवारियान गंगा मन्दिर भरतपुर | स्टेट ग्रान्ट |
| 20 | 326575 | दिनेश चन्द सोनी | विशम्बर दयाल सोनी | 36 | वासन गेट नमक कटरा भरतपुर | स्टेट ग्रान्ट |
| 21 | 326583 | बदन सिंह | मोहन लाल | 8 | पकौडा वाली गली जाटव मौ0 सेवर | स्टेट ग्रान्ट |
| 22 | 326612 | सुभाष सिंह | सूरज | | मडरपुर भरतपुर | स्टेट ग्रान्ट |
| 23 | 326705 | हसीना | यासीन | 30 | मदरसा के पास गोपालगढ भरतपुर | स्टेट ग्रान्ट |
| 24 | 326931 | नीरपाली देवी | राजेन्द्र सिंह | 43 | कोली धर्मशाला के सामने कच्चा कुण्डा भरतपुर | स्टेट ग्रान्ट |
| 25 | 327014 | शिव राम सिंह | हरगोविन्द | 52 | नगला लोधा कृष्णा नगर हाउसिंग बोर्ड के पीछे | स्टेट ग्रान्ट |
| 26 | 327368 | अब्दुल रहमान | नबाब | 19 | मछली मौहल्ला, भरतपुर | स्टेट ग्रान्ट |
| 27 | 154811 | सुरेश चन्द वर्मा | विशम्बर दयाल वर्मा | 36 | नियर सुरजीत स्कूल नमक कटरा, भरतपुर | स्टेट ग्रान्ट |
| 28 | 261057 | राविया | अल्लानूर | 30 | सूरजपोल गेट के पास गोपालगढ भरतपुर | 69-ए |
| 29 | 263500 | अल्लानूर | इस्माइल | 30 | सूरजपोल गेट के पास गोपालगढ, भरतपुर | स्टेट ग्रान्ट |
| 30 | 328091 | चन्द्रपाल सिंह | किशन सिंह | 31 | अरोडा हॉस्पीटल के सामने भरतपुर | 69-ए |
| 31 | 274105 | चरन सिंह सैनी | गैंदाराम | 50 | पक्का बाग भरतपुर | 69-ए |
| 32 | 328122 | मीना | सुभाष सोनी | 39 | रेखा नानगा गली, लक्ष्मण मंदिर भरतपुर | स्टेट ग्रान्ट |
| 33 | 328198 | रवि रानी शर्मा | लक्ष्मी नारायण | | पुराने बिजली घर के सामने मानसिंह सर्किल | स्टेट ग्रान्ट |
| 34 | 328229 | रचना पूजा | राकू कुमार शर्मा मनीष कुमार | 19 | बर्फ फैक्ट्री के पास मौ0 गोपालगढ भरतपुर | स्टेट ग्रान्ट |
| 35 | 328731 | कमलेश | करन सिंह | 9 | पकौडा वाली गली, सेवर | स्टेट ग्रान्ट |
| 36 | 328760 | करन | रामस्वरूप | 8 | जाटव बस्ती पकौडा वाली गली सेवर | स्टेट ग्रान्ट |
| 37 | 328407 | विजय जैन | ताराचन्द जैन | 35 | वाणिज्यिक - ओल्ड पोस्ट आफिस के पास कोतवाली बाजार, भरतपुर | 69-ए |
| 38 | 328240 | संतोष जैन | पत्नि विनय जैन | 35 | वाणिज्यिक - कोतवाली बाजार भरतपुर | स्टेट ग्रान्ट |
| 39 | 211356 | सत्यदेव वर्मा | जगन्नाथ प्रसाद | 39 | मण्डी अटलबन्द भरतपुर | 69-ए |
| 40 | 139489 | राजेन्द्र सिंह | शेर सिंह | 27 | सहयोग नगर भरतपुर | 69-ए |
| 41 | 322343 | शीला | मोहन सिंह | 18 | अनाह गेट काली का मंदिर के पास भरतपुर | स्टेट ग्रान्ट |
| 42 | 281439 | अशोक कुमार गुप्ता व नीलिमा गुप्ता | शिवचरनलाल | 26 | संस्थानिक - किरन नर्सिंग होम, गोवर्धन गेट भरतपुर | |
| 43 | 280736 | हनीफ | सत्तार | 27 | मछली मौहल्ला, गोवर्धन गेट भरतपुर | स्टेट ग्रान्ट |
| 44 | 280791 | संतोष कुमार शर्मा | बुद्धदेव शर्मा | 21 | नीमदा गेट सत्यसाई स्कूल के पास, भरतपुर | स्टेट ग्रान्ट |
| 45 | 160846 | पन्नालाल | राधेलाल | 32 | गुलालकुण्ड मथुरा गेट बाहर, भरतुपर | स्टेट ग्रान्ट |
| 46 | 281813 | मंगल सिंह | नवल सिंह | 26 | आदर्श कोलोनी, भरतपुर | स्टेट ग्रान्ट |
| 47 | 275119 | विजय सिंह | बांकेलाल | 39 | बुद्ध की हाट, भरतपुर | स्टेट ग्रान्ट |
| 48 | 270321 | चिरंजीत कुमार | राधेश्याम | 19 | कसाई गली कुम्हेर गेट भरतपुर | स्टेट ग्रान्ट |
| 49 | 309433 | उमाशंकर | मुरारी | 59 | नगला दिगम्बर रणजीत नगर भरतपुर | 69-ए |
| 50 | 321120 | हीरालाल | हजारी लाल | 13 | अनाह सेवर रोड भरतपुर | स्टेट ग्रान्ट |
| 51 | 331274 | पंकज तंवर | पुष्कर सिंह | 29 | केतन गेट के पास गोपालगढ भरतपुर | 69-ए |

प्राधिकृत अधिकारी
नगर निगम, भरतपुर